29.12.2024 आकाशवाणी भोपाल 7.10PM

सांध्यकालीन समाचार

मुख्य समाचार :-

ऽ प्रधानमंत्री ने मन की बात कार्यक्रम में कहा-संविधान हमारे लिए मागदर्शक है।

ऽ केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह दो दिवसीय दौरे पर इंदौर पहुंचे।

ऽ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भीमा नायक प्रदेश के गौरवशाली इतिहास के अभिन्न अंग हैं।

ऽ भोपाल में यूनियन कार्बाइड फैक्ट्री का कचरा हटाने की प्रक्रिया आज से हुई शुरू।

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि संविधान हमारे लिए मार्गदर्शक है और यह बड़े गर्व की बात है कि भारतीय संविधान के अगले वर्ष 26 जनवरी को 75 वर्ष पूरे हो रहे हैं। आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में राष्ट्र को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि संविधान समय की हर कसौटी पर खरा उतरा है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष संविधान दिवस के अवसर पर कई गतिविधियां शुरू हुई हैं जो पूरे वर्ष चलती रहेंगी। श्री मोदी ने कहा कि संविधान की विरासत से नागरिकों को जोड़ने के लिए ूूूण्बवदेजपजनजपवद75ण्बवउ के नाम से एक विशेष वेबसाइट बनाई गई है।

श्री मोदी ने कहा कि अगले वर्ष 13 जनवरी से प्रयागराज में महाकुंभ होने जा रहा है और इसके लिए संगम तट पर जोरशोर से तैयारियां चल रही हैं। उन्होंने लोगों से समाज में विभाजन और विद्वेष की भावना को समाप्त करने का संकल्प लेने का भी आह्वान किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि कुंभ मेले का पूरा क्षेत्र एआई संचालित कैमरे से लैस किया जा रहा है।

प्रधानमंत्री ने इस बात पर संतोष व्यक्त किया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2015 से 2023 के दौरान भारत में मलेरिया के मामलों और इसके कारण हुई मौतों में अस्सी प्रतिशत तक की कमी आई है। श्री मोदी ने मलेरिया को नियंत्रित करने के लिए हरियाणा के कुरूक्षेत्र जिले के मॉडल की भी सराहना की।

प्रधानमंत्री ने विश्व की प्रसिद्ध चिकित्सा पत्रिका लेंसेट का अध्ययन भी साझा किया जिसके अनुसार भारत में कैंसर का उपचार समय पर शुरू करने की संभावना काफी बढ गई है। उन्होंने कहा कि समय पर उपचार शुरू करने का अर्थ है, तीस दिन के भीतर कैंसर रोगी का उपचार शुरू होना और आयुष्मान भारत योजना ने इसमें बडी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

श्री मोदी ने कहा कि बस्तर में एक अनूठा ओलिम्पिक शुरू हुआ है जिसका नाम है- बस्तर ओलिम्पिक। उन्होंने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि यह आयोजन एक ऐसे क्षेत्र में हो रहा है, जहां एक समय माओवादी हिंसा होती थी।

## भाजपा-बैठक

भारतीय जनता पार्टी-भाजपा के संगठन की चुनाव समीक्षा बैठक आज दिल्ली में आयोजित की गई। बैठक में मंडल, जिला और राज्य कार्यालय धारकों के चुनावों पर ध्यान केन्द्रित किया गया। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने बैठक के एक सत्र को संबोधित किया। पार्टी सूत्रों ने बताया कि इस समीक्षा पार्टी में अगले महीने की 15 तारीख तक 50 प्रतिशत राज्यों में मंडल, जिला और राज्य के पदों के लिए चुनाव संपन्न कराने को लेकर विचार विमर्श किया गया।

## राजनाथ सिंह-इंदौर

केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आज अपने दो दिवसीय दौरे पर इंदौर पहुंचे। श्री सिंह ने कहा कि हमारा लक्ष्य 2047 तक भारत को विकसित और आत्मनिर्भर बनाना है। इस लक्ष्य की प्राप्ती में सेना की भूमिका अहम है। रक्षा मंत्री ने यह बात डॉ. अम्बेडकर नगर, महू में आयोजित कार्यक्रम में कही। श्री सिंह ने बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण भी किया। श्री सिंह के साथ आर्मी चीफ जनरल उपेन्द्र द्विवेदी भी आए हैं। श्री सिंह आर्मी की सभी यूनिट्स का दौरा भी करेंगे। वे कल सुबह उज्जैन जाएंगे। दोपहर में उज्जैन से वापस इंदौर आकर वे दिल्ली के लिये रवाना होंगे।

भीमा नायक-बलिदान दिवस

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भीमा नायक प्रदेश के गौरवशाली इतिहास का अभिन्न अंग हैं। आजादी की लड़ाई में भीमा नायक ने जनजातियों को अंग्रेजों के विरुद्ध संगठित किया। डॉ. यादव ने आज भीमा नायक के 148वें बलिदान दिवस पर बड़वानी जिले के ग्राम धाबा बावड़ी में श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि जनजातीय समाज के अधिकारों और अस्मिता के रक्षार्थ उनका संघर्ष हमें देश भक्ति की प्रेरणा प्रदान करता है।

प्रधानमंत्री-हम्पी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज 2024 फीडे महिलाओं की वर्ल्ड रैपिड चैंपियनशिप जीतने पर कोनेरू हम्पी को बधाई दी है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने दूसरे वर्ल्ड रैपिड चैंपियनशिप का खिताब जीतने पर शतरंज की ग्रैंड मास्टर की उल्लेखनीय उपलब्धि की सराहना की है। यह खिताब जीतकर वे एकमात्र भारतीय बन गई हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि सुश्री हम्पी का धैर्य और प्रतिभा लाखों लोगों को प्रेरित करेगी।

इन्वेस्टर्स समिट

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 24 फरवरी को भोपाल में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का उद्घाटन करेंगे। इसमें 20 हजार उद्योग प्रतिनिधियों के शामिल होने का अनुमान है। समिट में 25 देशों के विदेशी मेहमान भी आएंगे। जर्मनी, साउथ कोरिया, जापान और यूके के प्रतिनिधियों के साथ साथ साझेदारी पर चर्चा होगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि वर्ष-2025 को उद्योग वर्ष घोषित किया है। हर महीने किसी एक सेक्टर जैसे पॉवर, नवकरणीय ऊर्जा, ऑटो, एग्रो, पर्यटन, माइनिंग, हेल्थ, एजुकेशन और आईटी सेक्टर पर आधारित सेक्टोरल एक्सपो या कॉन्क्लेव का आयोजन होगा। उन्होंने अधिकारियों को गतिविधियों का वार्षिक कैलेंडर तैयार करने के निर्देश दिए।

बोरवेल दुर्घटना-गुना

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुना जिले में ग्राम पीपल्या में बोरवेल में गिरने से बालक की मृत्यु पर दुःख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार इस कठिन घड़ी में शोकाकुल परिवार के साथ है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ऐसी दुर्भाग्यपूर्ण घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए नागरिकों से अपनी निजी जमीन पर बोरवेल को उचित रूप से कवर करने की अपील की।

यूनियन कार्बाइड-कचरा

भोपाल स्थित यूनियन कार्बाइड फैक्ट्री का कचरा हटाने की प्रक्रिया आज से शुरू हो गई है। यहां से 337 टन जहरीला कचरा निकाल कर उसे पीथमपुर में जलाया जाना है। 3 जनवरी से पहले कंटेनर पीथमपुर पहुंचाया जाएगा। गैस त्रासदी के 40 साल बाद रामकी के विशेषज्ञों की निगरानी में यह कचरा पैक कर 12 ट्रकों के जरिए 250 किमी का ग्रीन कॉरिडोर बनाकर पीथमपुर ले जाकर इसे रामकी एनवायरो में जलाया जाएगा।

मौसम

प्रदेश में पिछले 24 घंटों के दौरान कई क्षेत्रों में मावठा और ओले गिरने से फसलों को नुकसान पहुंचने के समाचार हैं। जबलपुर, रीवा, रायसेन, खंडवा और उमरिया समेत कई शहरों की मंडियों में रखे अनाज भीग गए। मंदसौर, खंडवा, पचमढ़ी, सागर, रायसेन, धार, इंदौर सहित कई क्षेत्रों में कहीं हल्की तो कहीं तेज बारिश हुई। मौसम विभाग के अनुसार अगले 24 घंटों के दौरान मौसम के ऐसे ही बने रहने की संभावना है।

<u>समाचार संक्षेप में .....</u>

ऽ छतरपुर में नववर्ष 2025 के प्रारंभ में शांति और सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने जिले में पुलिस बल को मुस्तैद रहने हेतु निर्देशित किया है।

ऽ मुरैना में महात्मा गांधी सेवा आश्रम, जौरा में चार दिवसीय बाल आनंद महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसका शुभारंभ आज स्थानीय सांसद शिवमंगल सिंह तोमर ने किया।

ऽ जबलपुर में धान खरीदी का काम तेजी से जारी है। अब तक लगभग 270 करोड़ रुपए की धान खरीदी की जा चुकी है।

ऽ सीहोर और पन्ना जिले में मकर संक्रांति के अवसर पर पतंग महोत्सव में चाइनीज मांझा के उपयोग पर प्रतिबंध लगाया है।

ऽ जबलपुर में फायर सेफ्टी सर्टिफिकेट प्राप्त करने के लिए मात्र दो दिन का समय बचा है। 31 दिसंबर तक भवन स्वामी, अस्पताल संचालक, होटल मालिक और अपार्टमैंट संचालक फायर सेफ्टी सर्टिफिकेट नहीं लेते हैं, तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

....................